निबंध लेखन प्रविष्टि आमंत्रण सूचना

जैसा कि आप सब जानते हैं कि हमारे देश द्वारा स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को आज़ादी के अमृत महोत्सव के तौर पर मनाया जा रहा है और इस सिलसिले में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नौएडा में भी स्वतंत्रता संबंधी विभिन्न विषयों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम है - स्वतंत्रता आंदोलन पर निबंध लेखन।

अतः सर्वसाधारण से निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर कम-से-कम पाँच सौ शब्दों में हिन्दी में हस्तलिखित निबंध भेजने का अनुरोध किया जाता है:

i) स्वतंत्रता आंदोलन में युवा क्रांतिकारियों का योगदान

ii) स्वतंत्रता आंदोलन के अल्पज्ञात / गुमनाम क्रांतिकारी

आवश्यक विवरण:

1. उपरोक्त दोनों विषयों पर 20 अक्तूबर 2021 तक प्राप्त निबंधों के मूल्यांकन में पहले दो स्थान हासिल करने वाले निबंधों को संस्थान की राजभाषा पत्रिका 'श्रम संगम' के विशेषांक में प्रकाशित किया जाएगा।
2. निबंध भेजने हेतु कोई आयु-सीमा नहीं रखी गई है। देश का हर नागरिक आज़ादी के अमृत महोत्सव में शामिल होते हुए महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर सकता है।
3. एक व्यक्ति से केवल एक ही विषय पर निबंध स्वीकार किया जाएगा। कृपया निबंध के अंत में अपना नाम, पता, आयु एवं व्यवसाय लिखें तथा हस्तलिख्त निबंध को स्कैन करते हुए पीडीएफ फाइल बनाएँ।
4. निबंध की पीडीएफ फाइल भेजने हेतु ई-मेल: bssrawat@yahoo.co.in
5. निबंध भेजने की अंतिम तिथि : 20 अक्तूबर 2021

(हर्ष सिंह रावत)
प्रशासनिक अधिकारी